हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 25 जनवरी, 2024





**अंतिम रिहर्सल में परखी तैयारी :** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर अंतिम रिहर्सल बुधवार सुबह दिग्विजय स्टेडियम में किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने रिहर्सल में मुख्य अतिथि का दायित्व निभाया। रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण कर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कलेक्टर ने अंतिम रिहर्सल कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रिहर्सल परेड के दौरान जवानों एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट एवं हर्ष फायर भी किया गया।

# सात साल बाद दिग्विजय स्टेडियम में मनेगा राष्ट्रीय पर्व

## 600 बच्चे करेंगे पीटी, 16 प्लाटून करेंगी परेड...झांकी व सांस्कृतिक आयोजन भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सात साल बाद फिर से शहर की धरोहर दिग्विजय स्टेडियम में राष्ट्रीय पर्व का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए इसमें छह सौ बच्चे पीटी में शामिल होंगे। वहीं आधे घंटे का सांस्कृतिक आयोजन भी होगा। इसके अलावा तीन सौ लोग परेड करते भी दिखेंगे।



मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छह स्कूल द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। इनमें नीरज स्कूल, आत्मानंद स्कूल, एकलव्य स्कूल, स्टेट स्कूल के साथ ही प्रतिभा स्थली डोंगरगढ़ के बच्चे शामिल होंगे। वहीं मूकबधिर संस्था आस्था के भी बच्चे विशेष प्रस्तुति देंगे। इधर गणतंत्र दिवस के दो दिन पहले ही ध्वजारोहण करने वाले मुख्य अतिथि के रुप में विधायक राजेश मूणत का नाम जारी किया गाय है। पहले मुख्य अतिथि के रुप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह आने वाले थे, लेकिन अपरिहार्य कारणों से उनकी जगह श्री मूणत को अतिथि बनाया गया है। सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डॉ रमन सिंह स्वास्थ्यगत कारणों के चलते कार्यक्रम में शामिल नहीं हो रहें है।

### परेड का दिखेगा रोमांच

गणतंत्र दिवस के मौके पर परेड भी होगी। इसमें तीन सौ लोग शामिल होंगे। जिसमें छह टुकड़ी आर्म फोर्स रहेंगे। एनसीसी स्काउट और स्कूल कॉलेज के बच्चे भी शामिल होंगे। वहीं एक आईटीबीपी, सीएएफ, जिला बल, महिला पुलिस बल और होम गार्ड रहेंगे। परेड का नेतृत्व निरीक्षक टी. ढालसिंह करेंगे।

### पहली बार पुलिस की झांकी

राष्ट्रीय पर्व के मौके पर जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में झांकी की भी रौनक देखने को मिलेगी। इसमें पहली बार पुलिस विभाग की झांकी शामिल होने वाली है। वहीं करीब दर्जनभर विभागों की भी झांकी रहेगी।

## जिलेभर में राशन कार्ड का आज से नवीनीकरण

# बीपीएल को मुफ्त और एपीएल से कार्ड के बदले लेंगे 10 रुपए शुल्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशन कार्डों का नवीनीकरण आज से शुरू होने वाला है। अविभाजित राजनांदगांव जिले में करीबन चार लाख राशन कार्ड इस दौरान बदले जाने हैं। हितग्राहियों को राशन कार्ड के लिए आवेदन करने 25 जनवरी से 15 फरवरी तक समय दिया जाएगा। आवेदन निःशुल्क रखा गया है, लेकिन बीपीएल परिवारों को नया कार्ड मुफ्त और एपीएल परिवारों से नए कार्ड के लिए दस रुपए लिए जाएंगे। नवीनीकरण के पश्चात राशनकार्डों का वितरण 1 फरवरी से 29 फरवरी तक किया जाएगा।

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय से राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर राशन कार्ड संशोधन करने के निर्देश दिए हैं। पत्र के मुताबिक पूरे राज्य में 25 जनवरी से 15 फरवरी तक कार्डधारियों से आवेदन लिया जाएगा। इस बार नए राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से आवेदन लिए जाएंगे। राशन कार्ड नवीनीकरण की प्रक्रिया 29 फरवरी तक पूरा करना होगा। ऐसे राशन कार्डधारी जिन्होंने अभी तक राशन कार्ड का ई–केवाइसी नहीं कराया है, उन्हें भी नवीनीकरण में विशेष सुविधा प्रदान की जाएगी।

## सभी राशनकार्ड दुकानों में चलेगी प्रक्रिया



### मोबाइल से कर पाएंगे आवेदन

खाद्य विभाग द्वारा तैयार किए गए मोबाइल एप में उपलब्ध क्यूआर कोड को स्केन करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके माध्यम से राशन कार्ड के लिए आवेदन से संबंधित सभी जानकारी स्वचलित रूप से मोबाइल एप के माध्यम से खाद्य विभाग के डेटाबेस से उपलब्ध हो जाएगी। जिसकी पुष्टि लाभार्थी द्वारा की जाएगी।

### कार्ड लेने पर ही लगेगा शुल्क

मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिकता, निराश्रित एवं निःशक्तजन श्रेणी के राशन कार्डों के लिए राशन कार्ड नवीनीकरण की पूरी प्रक्रिया निःशुल्क होगी तथा नया राशन कार्ड प्राप्त करने के लिए उन्हें कोई राशि नहीं देनी होगी। यह राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। वहीं सामान्य श्रेणी के राशन कार्डधारियों को राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा, परन्तु नए कार्ड के लिए उन्हें 10 रु. शुल्क देने होंगे।

### नांदगांव में सवा दो लाख कार्ड

मिली जानकारी के अनुसार अविभाजित जिले में कुल 418434 राशनकार्ड धारक है। इनमें सर्वाधिक 238612 राशनकार्ड धारक राजनांदगांव जिले में है, जिसमें 35190 एपीएल कार्ड है। ऐसे ही खैरागढ़ जिले में कुल 107535 कार्ड है, जिसमें 23651 एपीएल और मोहला-मानपुर जिले में 72287 कुल कार्ड एवं 17533 एपीएल कार्ड है।

**कोतवाली पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

# आधी रात रेलवे स्टेशन में आरपीएफ एसआई के साथ मारपीट, गिरफ्तार

## नशे में धुत था आरोपी, टिकट मांगने पर विवाद के बाद मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डयूटी के दौरान रेलवे सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक को डरा-धमका कर गाली-गलौज करते मारपीट करने के एक मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी उपनिरीक्षक कमलेश्वर प्रसाद पिता स्व. ए. नारायण 53 साल रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव ने 24 जनवरी को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23 जनवरी को रात्रि 22 बजे 8 बजे तक हमराह प्रधान आरक्षक नवेन्द्र कुमार साहू, आरक्षक राहुल घाघरे के साथ ड्यूटी पर तैनात था।

घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया एवं आरोपी को उसके सकुनत में जाकर पता तलाश कर 24 जनवरी को गिरफ्तार



कर न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, सहायक उपनिरीक्षक उदय सिंह चंदेल, आरक्षक भुनेश्वर जायसी, चतुरदास एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

### गाली-गलौज कर मारपीट

ड्यूटी के दौरान रात्रि 23.45 बजे दक्षिण दिशा स्थित आरक्षण केन्द्र एवं वेटिंग हॉल में स्थित लिफ्ट के पास यात्रियों के टिकट चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति आटो चालक जिसका नाम राजू मेश्राम पिता स्व राजेन्द्र मेश्राम उम्र 23 साल निवासी शांतिनगर गौरा-गौरी चौक के पास चिखली द्वारा इसे यात्रियों की टिकट चेक नहीं करने कहकर स्टेशन में लगी लिफ्ट के तरफ जाने लगा। चेहरे पर कपड़ा लपेटकर हाथ में बांस का डंडा लेकर प्रार्थी को ड्यूटी के दौरान भयोरत करने के लिए गाली-गलौज कर जान से मारने की नियत से डंडा से मारा। जिससे उसके बॉये हाथ की कोहनी व कलाई में चोंट लगी है आरोपी घटना के बाद फरार हो जाना बताया कि रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 353, 294, 323, 506 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

## खैरागढ़ से एक व गंडई-नांदगांव की दो महिलाएं शामिल

# स्वच्छता दीदियों को फ्लाइट से दिल्ली बुलाया गणतंत्र दिवस में बतौर अतिथि होंगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश की राजधानी दिल्ली में कल आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस आयोजन में अविभाजित राजनांदगांव जिले की पांच स्वच्छता दीदी भी बतौर अतिथि शामिल होने वाली है। इन दीदियों को अतिथि बनाकर केंद्र सरकार ने फ्लाइट से दिल्ली बुलाया है। अपने परिजनों के साथ वे सब रवाना भी हो चुकी है।



मिली जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार के केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रदेशभर से कुल 16 स्वच्छता दीदियों को बुलावा भेजा गया है। इनमें अविभाजित राजनांदगांव जिले की भी पांच स्वच्छता दीदी शामिल हैं। इनमें राजनांदगांव शहर से दो, खैरागढ़ से एक और गंडई से दो स्वच्छता दीदी शामिल हैं। इन दीदियों के आने-जाने से लेकर उनके ठहरने तक की व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा ही किया गया है। बुधवार को दोपहर दो बजे रायपुर से सभी फ्लाइट से दिल्ली रवाना हुए हैं, जिन्हें उपमुख्यमंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर भेजा गया।

### दस साल से कार्यरत

मैं पिछले दस साल से स्वच्छता अभियान के तहत एसएलआरएम सेंटर में कार्यरत हूं, पहली बार राष्ट्रीय पर्व में शामिल होने का सौभाग्य मिल रहा है। जिससे मैं काफी उत्साहित हूं।
**अनिता फ्रांसिस**, स्वच्छता दीदी

### हमारे लिए बड़ी बात

देश की राजधानी में आयोजित राष्ट्रीय पर्व में शामिल होना हमारे लिए बड़ी बात है। दिल्ली जाने को लेकर काफी उत्साहित है।
**जयश्री ताम्रकार**, स्वच्छता दीदी









## खबर संक्षेप

### ईरा मंडई 26 को

**सोमनी।** ग्राम ईरा में आगामी 26 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन ग्रामवासियों के तत्वावधान में रखा गया है। रात्रि में लोक रंजनी दैहान का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी जनपद सदस्य टेकूराम साहू ने दिया।

### बच्चों-महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**खुज्जी।** निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत ग्राम के प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र में एबिस ग्रुप के सहयोग से महिला बाल विकास विभाग ने कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर पोषण किट एवं पुड़ी सब्जी का वितरण किया गया। शिविर में 75 कुपोषित बच्चों एवं 90 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ सिद्धि सैनी, डॉ खुशबू वर्मन, डॉ कृष्णा गुप्ता, डॉ रोहित डेविड, डॉ हिमांशु नामदेव ने सेवाएं दी। इस मौके पर परियोजना अधिकारी डॉ वीरेन्द्र साहू, किरण श्रीवास्तव, वंदना साहू, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।



### मंदिरों में चला सफाई अभियान

**अंबागढ़ चौकी।** नगर पंचायत सीमा में स्थित सभी मंदिरों में स्वच्छ तीर्थ कैंपेन के तहत सफाई किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष विद्या रमेश ताम्रकर, उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम, सीएमओ दिलीप कुमार यदु, उप अभियंता हरिशंकर वर्मा, पार्षद एवं निकाय के कर्मचारियों आदि ने दंतेश्वरी मंदिर वार्ड 5, हनुमान मंदिर वार्ड 11, हनुमान मंदिर पुराना बस स्टैंड, शीतला मंदिर वार्ड 15, शिव मंदिर में सफाई अभियान चलाया।



**डोंगरगांव।** स्थानीय नगर पंचायत अंतर्गत स्थित मंदिरों में आज स्वच्छ तीर्थ कैंपेन के तहत स्वच्छता अभियान चला कर जन सहयोग से सफाई किया गया। इस अभियान में नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद, उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा, सीएमओ डीएस पाल, उप अभियंता चंद्रशेखर सारथी, पार्षद, निकाय के कर्मचारी एवं नागरिक शामिल हुए। अभियान के तहत हनुमान मंदिर वार्ड 3, शिव मंदिर कॉलेज रोड, हनुमान मंदिर बिजली ऑफिस, शीतला मंदिर वार्ड 2, शिव मंदिर बड़ा तालाब आदि में साफ सफाई किया गया।



### शिशु मंदिर का वार्षिकोत्सव 26 को

**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में आगामी 26 जनवरी को वार्षिक उत्सव एवं गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि डीआर साहू होंगे। अध्यक्षता एमएस राजपूत करेंगे। विशेष अतिथि युगराज जैन होंगे। वार्षिक उत्सव दोपहर 12 बजे से आयोजित है। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता बघेल होंगी। अध्यक्षता सरपंच मिथलेश साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि डोमार दास साहू, तिलक सिन्हा, दुर्गेश द्विवेदी, बिरेन्द्र हिरवानी, प्रमोद दुबे होंगे।

## धान खरीदी के लिए कुछ ही दिन शेष

# कई किसान नहीं बेच पाए धान तिथि बढ़ाने की उठ रही मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

धान की सरकारी खरीदी अब कुछ और दिन होना है। कई किसान अब तक अपना धान नहीं बेच पाए हैं जिसे देखते हुए तिथि बढ़ाने की मांग अंचल से उठ रही है।

जानकारी के अनुसार जिन किसानों ने टोकन प्राप्त कर लिया है वह भी अब तक धान नहीं बेच पाए हैं। उल्लेखनीय है कि धान खरीदी के दौरान कई बार बेमौसम बारिश होने के कारण कई दिनों तक धान खरीदी प्रभावित हुई थी। वहीं कई सोसायटी में भंडारण की दिक्कत होने के कारण खरीदी को बंद करना पड़ गया था।

### समिति की जिम्मेदारी

सुपरवाइजर सोहनलाल वर्मा ने बताया कि धान खरीदी की जिम्मेदारी सेवा सहकारी समिति की है। टोकन के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध है। विशेष परिस्थितियों में शाखा प्रबंधक टोकन जारी करने अधिकृत है।

### खरीदी की लिमिट बढ़ी

यहां यह बताना जरूरी है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के निर्णय अनुसार नवबर और दिसंबर माह में प्रति एकड़ 20 क्विंटल के हिसाब से धान खरीदा गया था। भाजपा ने 21 क्विंटल धान खरीदने का वादा किया था। सत्ता परिवर्तन के बाद प्रशासन ने पूर्व में जिन किसानों ने धान बेच दिया था से एक क्विंटल धान लेने का निर्देश जारी किया था। 20 क्विंटल बेचने वाले किसानों अब तक अतिरक्त धान बेचने के लिए समिति के चक्कर काट रहे हैं। बिरेझर के लखन बारले, महेंद्र बारले, दयालु साहू आदि ने बताया कि वह अब तक एक क्विंटल धान नहीं बेच पाए हैं। धान बेचने के लिए मुरमुंदा समिति से संपर्क किया गया तो प्रबंधक ने टोकन देने से मना कर दिया। किसानों का कहना है कि शासन के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान लेने में कोताही बरता जा रहा है।



### धान खरीदी सतत जारी

**छुरिया।** स्थानीय सेवा सहकारी मर्यादित में मौसम खराब होने बाद भी किसानों का धान खरीदा जा रहा है ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सेवा सहकारी मर्यादित ने आसमान में बादल छाए रहने के बाद भी बुधवार को धान खरीदी किया। सेवा सहकारी मर्यादित द्वारा सुचारू रूप से धान खरीदी करने के कारण किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नही हो रही है । जानकारी के अनुसार सोसायटी अब तक 91150.40 क्विंटल धान खरीद चुकी है। शेष अवधि में 26870.40 क्विंटल धान खरीदना शेष है। अब तक 1760 कृषक धान बेच चुके है। धान बेचने का समय नजदीक आने के बाद लगातार धान खरीदी किया जा रहा है।

## शिविरार्थियों ने गांव में किए रचनात्मक कार्य



**चिचोला।** कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर की रासेयो इकाई ने सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 17 से 23 जनवरी तक महाराजपुर में किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सरपंच थान सिंह कंवर थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आरके ठाकुर ने किया। विशिष्ट अतिथि श्याम सुंदर साहू, डॉ एआर ध्रुव थे। शिविर नायक पंचराम सोरी एवं उप नायक धनंजय साहू के नेतृत्व में अजय यादव, हितेश कन्नौजे, भानुप्रताप यादव, लेखनराम, मिथिलेश यादव, पंकज, ललित कुमार, पूजा देवांगन एवं कु.भूमिका नेताम आदि ने मार्च पास्ट कर सलामी दी। अतिथि स्वागत के पश्चात कार्यक्रम अधिकारी बीआर चंद्रवंशी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। शिविर नायक पंचराम सोरी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। 22 जनवरी को श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्रामवासियों के साथ आकर्षक झांकी एवं स्वयं सेवकों ने विभिन्न परिधानों में छत्तीसगढ़ी परंपरा का प्रदर्शन किया। श्याम सुंदर साहू ने शिविरार्थियों की कार्यों को प्रशंसा करते हुए ग्रामवासियों से संदेश पर अमल करने कहा। प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने स्वच्छता, नशा मुक्ति अभियान की प्रशंसा की। सरपंच थानसिंह कंवर ने शिविरार्थियों के अनुशासन की प्रशंसा की। एश्वर्या एवं डेकेश्वर ने अपने अनुभव साझा किया। अंत में अतिथियों को सम्मानित किया गया। संचालन धनंजय साहू और आभार प्रदर्शन पूजा देवांगन ने किया। कार्यक्रम में मनोहर बोकडे, डां. हेमलता गायकवाड़, अरुण साहू, सोनल नागवंशी, ऊषा सोनवानी, रीना सलामे, सूर्यकांत वर्मा, कुलेश्वरी वर्मा आदि शामिल हुए।

## कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में आए लोगों की समस्याएं और मांगों को सहानुभूति पूर्वक सुना। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समय पर निदान करना सुनिश्चित करें। जन दर्शन में 7 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री करने के साथ ही संबंधित विभाग में भेजने की कार्यवाही की जा रही है। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास दिलाने, शिक्षक विहिन शालाओं में शिक्षक की पदस्थापना करने संबंधी आवेदन प्राप्त

### कलेक्टर ने लिया उपार्जन केंद्र का जायजा

**सड़क अतरिया।** मंगलवार को बारिश होने से धान के भीगने की आशंका के बीच कलेक्टर चन्द्रप्रकाश वर्मा ने कुकुरमुड़ा अतरिया केन्द्र पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने धान को सुरक्षित रखने के लिए निर्देशित किया। किसानों को धान बेचने मिलने वाले टोकन, शेष खरीदी आदि की जानकारी लिया। मौके पर खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, उप पंजीयक रघुराज सिंह, चन्द्रपाल दीवान उपस्थित थे।

### ठाकुरटोला मंडई आज

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में ग्रामवासियों के सहयोग से मंड़ई मेला का आयोजन कल 25 जनवरी को किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए अमरईया चिरईया मुरमाड़ी का कार्यक्रम रखा गया है।

यह जानकारी देते हुए हेम कुमार साहू, अनिल वर्मा ने अंचलवासियों से शामिल होने का आग्रह किया है।

### धौराभांठा मंडई 27 को

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम धौराभाँठा में आगामी 27 जनवरी को मंडई का आयोजन किया गया है। रात्रि में झन भूलो मां बाप ला मानस परिवार एवं छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ग्राम मोखा का कार्यक्रम होगा।

## नल जल योजना के कार्यों को शीघ्र करें पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की समय सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि विभागों में लंबित पत्रों का शीघ्र निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में समय सीमा, कलेक्टर जनदर्शन, मुख्यमंत्री जन चौपाल में लंबित पत्रों की समीक्षा की। कलेक्टर ने समीक्षा करते हुए अधिकारियों को एक माह से अधिक समय के लंबित सभी प्रकारणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नल जल योजना अंतर्गत जिले में योजना के क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि जिन ग्राम पंचायत में योजना अंतर्गत नल जल प्रदाय के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है, वहां शीघ्र ही योजना को मूर्त रूप देने के लिए पानी टंकी का निर्माण और पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण किया जाए।




### सभी का खरीदे धान

कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी धान खरीदी केंद्रों में निर्धारित तिथि तक पात्र किसानों से धान की खरीदी करें। धान संग्रहण केंद्र के लिए धान का उठाव का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। खरीफ सीजन को देखते हुए खाद बीज के वितरण और फसल बीमा योजना की समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर दिप्ती गौते, संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, नोडल अधिकारी हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला डॉ. हेमेंद्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर समेत अन्य उपस्थित थे।

# रामोत्सव में दिखा जमकर उत्साह, शोभायात्रा में झूमे महिला-पुरुष









हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अयोध्या में श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के एतिहासिक मौके पर नगर में राम भक्ति का अदभूत वातावरण रहा। रात को पूरे क्षेत्र में दीवाली मनाया गया। शहर के चौक चौराहों और गांव के मंदिरों में पूजा अनुष्ठान किया गया। इस दौरान मानस और भजनों की गूंज रही। आयोजन के लिए मंदिरों को रंगोली से सजाकर दीप प्रज्जवलित किया गया। लोगों ने दीवाली की तरह आतिशबाजी किया। नीचे मंदिर प्रांगण में आकर्षक सज्जा करने के साथ रंगोली बनाया गया। सुदर्शन गिरि स्थित वाल्मिकी मंदिर में सामाजिकजनों ने पूजा अर्चना कर दीप प्रज्जवलित किया। हनुमान भक्त समिति ने महावीर मंदिर परिसर में 21 हजार दीप प्रज्जवलित करने के अलावा गंगा आरती का आयोजन किया। तालाब परिसर में आयोजित लाइट शो को देखने देर रात तक लोगों को हुजुम रहा। महावीर मंदिर परिसर में आकर्षक रंगोली बनाया गया था। जयस्तंभ स्थित राम मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। पुनम मयूर बिंदल ने भजनों की प्रस्तुती दी।

### जगमगाया मंदिर परिसर

विभिन्न जगह आयोजित कार्यक्रम में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुई। बच्चों ने जमकर आतिशबाजी कर आनंद लिया। विभिन्न सामाजिक संस्थाओ, धार्मिक संस्थाओं एवं भाजपा कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराया। कार्यक्रमों में ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, हरविंदर सिंग मंगे, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, पवन मेश्राम, अमित जैन, परविंदर सिंग मोंटी, बिरेन्द्र सोनी, नवाज खान, चंद्रप्रकाश मिश्रा, प्रकाश बिंदल, सिद्धगोपाल नरेडी, सत्यप्रकाश मिश्रा, संतुराव अन्ना, शेख अब्दुला, ज्योति बडवाईक, अचलासिंह ठाकुर, पूनम ठाकुर, पूजासिंह, सीमा मिश्रा, कीर्ति चावड़ा, शारदा अग्रवाल, सीता शर्मा, नागेश कंडरा, बिरेन्द्र अग्रवाल, जीतु हीरवानी आदि शामिल हुए।

### रासलीला का आयोजन

भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मां बम्लेश्वरी देवी के दरबार से 15 से 22 जनवरी तक श्रीमद भागवत कथा, रामलीला एवं रासलीला का आयोजन किया गया। 22 जनवरी को रामलीला के अंतिम दिन प्रभु श्रीराम के राजतिलक का मंचन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी मंदिरों में पूजा अनुष्ठान के साथ श्री राम रक्षा स्तोत्र तथा बाल कांड का पाठ कर प्रसाद वितरण किया गया। शाम को मंदिर एवं ऊपर मंदिर की 11 हजार सीढियों और नीचे बम्लेश्वरी मंदिर में 5 हजार दीप जलाकर उत्सव मनाया गया। दीप प्रज्ज्वलित करने में एसडीएम गिरीश रामटेके, एसडीओपी आशीष कुंजाम, सीईओ जनपद दिव्या ठाकुर, सीएमओ कुलदीप झा के मार्गदर्शन में महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया। इस दौरान अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अनिल गट्टानी, संजय श्रीवास्तव, चंद्र प्रकाश मिश्रा, महेंद्र परिहार, बबलू शांडिल्य, पीताम्बर स्वामी, प्रकाश बिंदल, संजीव गोमास्ता, अजय सिंह ठाकुर, लक्ष्मी गुनी आदि मौजूद थे।

### राममय हुआ अंचल

अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के दौरान अछोली, नागतराई, हरनसिंघी, करवारी आदि गांव में विविध धार्मिक आयोजन किए गए। अछोली में श्री शारदा मानस मंच एवं ग्रामवासियो ने 21 जनवरी को ज्योति कलश यात्रा एवं 22 जनवरी को पुराना अछोली के गोकुल गौठान में पूजा अर्चना और भंडारा का आयोजन किया। नया अछोली में केशरवानी समाज ने दिव्यांश केसरवानी, उज्जवल केसरवानी, अदिति केसरवानी को राम लक्ष्मण एवं सीता के वनवास पश्चात घर वापसी की झांकी निकाली गई। दिव्यांश केसरवानी, उज्जवल केसरवानी, अदिति केसरवानी को राम लक्ष्मण सीता एवं हर्ष यादव हनुमान तथा मोहित वर्मा ने जामवंत बनाकर ढोल बाजे के साथ गांव का भ्रमण किया गया। इस दौरान भक्तों नेफूल वर्षा किया। नागतराई में अंजनी सुत हनुमान भक्त समिति ने पूरे गांव को भगवा रंग सजाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया था। शोभायात्रा के बाद सरपंच छतरी वर्मा एवं ग्रामवासियों के सहयोग से भंडारा का आयोजन किया गया। हरनसिंघी में कलश यात्रा के साथ भजन भंडारा का आयोजन किया गया। सेवा परमो धर्म के स्वरूप को चरितार्थ करते हुए सेवा बस्ती वार्ड 20 भुरवाटोला में श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पाठदान केंद्र के भैया बहनों ने राम महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम के तहत 5 से 22 जनवरी तक शीतला मंदिर से प्रभातफेरी निकाली गई। सेवा बस्ती एवं पाठदान केंद्र की संयोजिका अनुराधा शर्मा आदि ने दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम, फैंसी ड्रेस एवं डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें बच्चों ने बढ़कर हिस्सा लिया। समापन पर बच्चों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि विश्वनाथ यादव थे। कार्यक्रम में उमा महेश वर्मा, अनिल पांडेय, जागेश्वर निषाद, अनिल श्रीवास्तव, गणेश वर्मा, सुधीर मरकाम, श्रेया रानी एवं ऋषि मिश्रा शामिल हुए। संचालन चंचल यादव एवं रानी मरकाम ने किया। कार्यक्रम में धीरज पटेल, सजल यादव, धानी मरकाम ने प्रथम तीन स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में अशोक यादव, दुर्गेश यादव, दीपक देवांगन, रवि बहेकर, करण, चेतन ,भारती, वर्षा यादव, जानकी महोबिया, वंशिका कंवर, पूर्णिमा, शांति, संतोषी, गायत्री, भारती, रानी, पूजा, हितेश्वरी, गीतांजलि, प्रिया, सकुन, पूर्णिमा, गौतरहीन, चमारिन, सुनील, प्रीति, अनिल, कार्तिक मांडवी ,शेष धुर्वे आदि मौजूद थे।

### मज़ार में भी जले दीपक

श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर बुधवारी पारा स्थित हजरत बाबा कादिरवली की मजार में रंगोली बनाकर दीप जलाया गया। एक दिन पहले प्रदेश भाजयुमो के कार्यकारिणी सदस्य दुर्गेश साहू ने मजार के ख़ादिम जीवन बाबा से बातचीत कर 22 जनवरी को दीप जला कर रंगोली बनाने और दिवाली की तरह पर्व मनाने कहा था। मज़ार के खादिम ने कहा कि प्रभु श्रीराम हमारे भी भगवान है। कांशी काबा एक है, एक है राम-रहीम। इसलिए सभी श्री राम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को सफल बनाएंगे। मज़ार में 22 जनवरी को दीपक जलाकर रंगोली बनाया गया। इस दौरान अभिषेक साहू, लोकेश साहू, जयप्रकाश, गणेश, शरद कुमार उपस्थित थे।

### उल्लास से मना रामोत्सव

ग्राम पंचायत चिद्दो में श्रीराम उत्सव मनाया गया। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर ग्राम में कलश यात्रा निकालकर भ्रमण किया गया। शाम को पूरे विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर लोगों ने दीप जलाएं। लोगों ने आतिशबाजी भी किया। आयोजन में डॉ हंसराम पटेल, पुनीतराम सिन्हा, महेश वर्मा, धर्मेंद्र सोनवानी, मदन पटेल, रामलीला मंडली, दुर्गा मंदिर, कत्यायनी दुर्गा जस समिति सहित अन्य का सहयोग रहा।



### बच्चों में दिखा उत्साह

**चिचोला।** सरस्वती शिशु मंदिर पाटेकोहरा और ग्रामवासियों ने गत दिनों अक्षत कलश यात्रा निकाला। सरस्वती शिशु मंदिर ने भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, शबरी और हनुमान की झांकी तैयार किया था। कलश यात्रा राम दरबार से प्रारंभ किया गया। भ्रमण के दौरान लोगो ने पूजा अर्चना किया। गांव की महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होते गई। इस दौरान आतिशबाजी भी किया गया। राम मंदिर में भंडारा और सुंदर कांड का आयोजन किया

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

न्यायालय नायब तहसीलदार खैरागढ़
जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई
// ईश्तहार //
रा.मा.क्रं. ब-121 वर्ष 2023-2024
एतद् द्वारा अकरजन प.ह.न. 29 रा.नि.मं. पांडादाह तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तहसील ड़डसेना (सिन्हा) कलार समाज खैरागढ़ तहसील खैरागढ़ द्वारा ग्राम अकरजन प.ह.न. 29 स्थित शासकीय भूमि ख.न. 329 रकबा 1.623 हे. में से 0.20 डि./0.081 हे. भूमि की मांग करता है।
अतः वर्णित आवेदित एवं प्रश्नाधीन भूमि में आवेदक तहसील डड़सेना (सिन्हा) कलार समाज खैरागढ़ तहसील खैरागढ द्वारा ग्राम अकरजन प.ह.न. 29 स्थित शासकीय भूमि ख.न. 329 रकबा 1.623 हे. में से 0.20 डि./0.081 हे. भूमि को तहसील डड़सेना (सिन्हा) कलार समाज खैरागढ को आबंटित किये जाने में जिस किसी को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे पेशी दिनांक 19.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/ आपत्ति। प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार आज दिनांक 16.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 16.01.2024
सुनवाई दिनांक 19.02.2024
मुहर
नायब तहसीलदार खैरागढ़ (छ.ग.)


SRU
SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY
Approved & Recognized By :
13TH UNIVERSITY IN INDIA WITH "UGC 12 (B)" STATUS
23rd
CASH PRIZES
UPTO
Rs. 3 LAKH
AAROHAN
SPORTS & CULTURAL FEST
29th Jan - 04th Feb, 2024
FREE ENTRY
100+ Competition Events For Students
SCAN QR CODE
FOR REGISTRATION
Contact : 9424227761, 9691018833, 9935001770, 9893131147
4TH FEB
SUNDAY
LIVE CONCERT
Bollywood Fame
PAWNI PANDEY
LIVE SHOW
(ENTRY FREE )
5:30 PM to 9:00 PM
VENUE : SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY, NH. 30, POST MANA, NEW DHAMTARI ROAD, RAIPUR

## सार समाचार

### कलश यात्रा में गूंजे जयकारे



**मुरमुंदा।** ग्राम मुरमुंदा में श्री हनुमान भक्त युवा समिति ने राम के जयकारा के साथ कलश यात्रा निकाला। अयोध्या श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर पूजा अर्चना किया गया। कलश यात्रा के दौरान गांव की प्रमुख गलियों में श्रीराम के जयकारा की गूंज रही।

### समाज कल्याण के लिए यज्ञ

**सोमनी।** समीपवर्ती ग्राम खुटेरी में आजाद हिंद युवा मंडल एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में पांच कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। समापन मौके पर यज्ञ में आहुति सभी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। यह यज्ञ समाजिक कल्याण के लिए किया गया। समापन के बाद भक्तों ने शोभायात्रा निकाला। शोभायात्रा के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया गया। यह जानकारी नील निर्मलकर एवं हरीश निर्मलकर ने दिया।

### खैरा में 26 को रामकथा महोत्सव

**राजनांदगांव।** ग्राम खैरा में सिन्हा परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा आगामी 26 जनवरी को श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन रखा गया है। जिसमें अंचल के ख्याति प्राप्त मानस श्रेता चंद्राकर, राम राजेन्द्रा साहू एवं सुरेन्द्र दुबे द्वारा व्याख्याक देंगे। साथ ही मानस भजन की प्रस्तुति होगी। पन्नू बैरागी, दीपक सिन्हा ने रामकथा प्रेमी सज्जनों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रामकथा श्रवण करने की अपील की है।

### तीन दिवसीय राष्ट्रीय सप्त रंग संगीत समारोह आज से

**राजनांदगांव।** सांस्कृतिक संस्था चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र के



संस्थापक डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा के संयोजन में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से तीन दिवसीय रंगारंग राममय संगीतिक आयोजन 25, 26 और 27 जनवरी को संध्या 6 बजे से गांधी सभागृह म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड राजनांदगांव में आयोजित होने जा रहा है। गायक डॉ. प्रभाकर कश्यप, डॉ. दिवाकर कश्यप, डॉ. हरिओम हरि और डॉ. लिकेश्वर वर्मा सहयोगी के रूप में मंचस्थ होंगे। वहीं संस्कार कत्थक केन्द्र नागपुर के कलाकारों द्वारा श्रीराम चंद्र गाथा राममय नृत्य संरचना का प्रदर्शन होगा और चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र के कलाकारों की प्रस्तुति धुरपद एवं भजन में नृत्य प्रस्तुति होगी। उपरोक्त जानकारी संस्था के तुषार सिन्हा ने दी।

### महाराजा मणिकुंडल जयंती आज

**राजनांदगांव।** श्री अयोध्यावासी वैश्य नगर सभा द्वारा कल 25 जनवरी को प्रभु श्रीराम के भक्त महाराजा श्री मणिकुंडल जयंती का आयोजन समीपस्थ ग्राम भंवरमरा स्थित समाज के राधा-मुकुंद मंदिर में किया गया है। समाज के अध्यक्ष किशन गोपाल गुप्ता ने बताया कि सुबह साढ़े दस बजे भगवान श्री सत्यनारायण की कथा, पूजा एवं दोपहर एक बजे से प्रसादी का कार्यक्रम है। उन्होंने सभी सामाजिकजनों ने उपस्थिति की अपील की है। उक्त जानकारी शैलेष गुप्ता ने दी ।

### दीपोत्सव यूएसए वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

**राजनांदगांव।** अयोध्या में भगवान श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर संस्कारधानी धर्म सेवा परिवार द्वारा तीन दिवसीय दीपोत्सव का भव्य आयोजन नगरवासियों के सहयोग से किया गया। जिसे यूएसए वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज किया गया है। उक्त जानकारी व संस्कारधानीवासियों को बधाई देते संस्कारधानी धर्म सेवा परिवार के संयोजक सुरेश एच.लाल, सहसंयोजक रामजी भारती, सेवा प्रमुख राकेश ठाकुर, उप सेवा प्रमुख पंकज गुप्ता ने इसका श्रेय नगरवासियों को देकर आभार प्रकट किया है।

### हरडुवा में रामायण स्पर्धा का समापन

**राजनांदगांव।** हरडुवा में रामायण गान प्रतियोगिता का समापन 21 जनवरी को हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, भाजपा घुमका मंडल महामंत्री परदेशी सोनबोइर शामिल थे। अतिथियों का स्वागत अश्वनी जंघेल, रोहित वर्मा, तोषण सिन्हा, रूखम वर्मा, माधो वर्मा, खोया वर्मा, इंप्रेश साहू, अश्वानी जंघेल, राजेन्द्र सेठिया, रूखम वर्मा, गंगेश्वर वर्मा, मिनेश्वर सेन, डॉ. ऋषि वर्मा, मुकेश शान, तोषण सिन्हा, राजेश सेवक वर्मा, विमल वर्मा, गोवर्धन सेन, कमलेश यादव, खेमु मंडल एवं ग्रामीणों ने किया। रोहित वर्मा द्वारा पुरस्कार प्राप्त मंडलियों की जानकारी दी।

### निगम में महापौर करेंगी ध्वजारोहण

**राजनांदगांव।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 26 जनवरी को नगर निगम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में महापौर हेमा सुदेश देशमुख द्वारा सुबह 7.30 बजे नगर निगम टाऊन हाल में ध्वजारोहण किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने निगम अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों, सभी पार्षदों, गणमान्य नागरिकों व पत्रकार बंधुओं से समारोह में उपस्थिति की अपील की है।

### सीताकसा में कवि सम्मेलन आयोजित

**राजनांदगांव।** जनसंपर्क अधिकारी जिला बालोद चंद्रेश ठाकुर ने कविता



की परिभाषा पर प्रकाश डालते कहा कि 'गंभीरतम पीड़ा की सरलतम अभिव्यक्ति है काव्य'। उन्होंने कहा कि साहित्य एवं कविता का कार्य मुख्यतः मनुष्य को दिशा बोध कराकर मनुष्य को मनुष्य बनाना है। श्री ठाकुर छुरिया विकासखंड के ग्राम सीताकसा में गत दिनों आयोजित कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। कवि सम्मेलन का संचालन कवि विरेंद्र तिवारी ने किया। कवि सम्मेलन में कवि कैलाश साहू, प्रीतम कोठारी, महेंद्र बघेल, रमेश मंडावी एवं मनीष साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में बलदाउ मंडावी, भूपेंद्र मंडावी, मानसिंह मंडावी, मदन साहू, लखन साहू, अशोक विश्वकर्मा, चंदुलाल साहू सहित अन्य अतिथियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### निधन

#### शिवकुमार निर्वाणी



**राजनांदगांव।** तुलसीपुर निवासी शिव कुमार निर्वाणी का आकस्मिक निधन मंगलवार को हो गया है। अंतिम यात्रा निज निवास तुलसीपुर राजनांदगांव से सुबह 10 बजे निकाली गई। उनकी अंत्येष्ठी बुधवार को किया गया।

## चिचवाही स्थित आदिवासी बालक आश्रम का मामला

# आदिवासी बालक आश्रम में मारपीट, छात्र को आई चोंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी

तहसील के चिचवाही स्थित आदिवासी बालक आश्रम में अध्ययनरत एक आदिवासी छात्र की पिटाई का मामला प्रकाश में है। छात्रावास में हुए इस मारपीट के बाद छात्र ने वहां से भागकर गांव के ही एक घर में रात गुजारी। पीड़ित छात्र की हालत जब बिगड़ने लगी तो उन्हें छात्रावास में मौजूद एक भृत्य ने उसे मेडिकल दुकान ले जाकर दवाई दिलाने की कोशिश की, लेकिन जब संचालक ने मना किया तो उसे एक प्राईवेट डॉक्टर के पास ले जाया गया।

घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। बताया जाता है कि घटना की जानकारी जब पीड़ति छात्र के पिता को लगी तो इसे बुखार है, कहकर बात टाल दिया गया, जब पिता को शक हुआ तो अपने बड़े भाई के साथ आश्रम पहुंचे तो वहां न तो अधीक्षक था, न ही चपरासी। जिसके बाद पीड़ति छात्र के पिता ने अन्य छात्रों से बात कर पूरी जानकारी ली। जिसके बाद परिजनों ने थाना पहुंचकर अपनी शिकायत मौखिक तौर पर कराई। छात्रों की पिटाई से जख्मी अपने बेटे का बेहतर इलाज करा अपने साथ घर लेकर गया। बिना वजह पिटाई से छात्र को कई जगहों पर चोटें आई है।



### दोषियों पर कार्रवाई नहीं

इस मामले के सामने आने के बाद भी प्रशासन ने अभी तक छात्रावास अधीक्षक सहित कर्मियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। औंधी के थाना प्रभारी ने भी विभाग को इस मामले में तलब किया था। मंडल संयोजक द्वारा भी मामले की जांच कराई गई, लेकिन दोषियों को बचाने का खेल किया जा रहा है।

### अधीक्षक रहते हैं नदारद

आश्रम में रहने वाले छात्रावासी बच्चे बेबसी का जीवन जीने को मजबूर है। आलम यह है कि इनकी सुरक्षा के लिए अधीक्षक की नियुक्ति की जाती है, लेकिन अधीक्षक ही गायब हो जाएं तो इन बच्चों का भविष्य कैसे सुरक्षित होगा। यह अपने आप में ही सवालिया निशान है। यहां नियुक्त होने वाले अधीक्षक और कर्मचारी इस कदर लापरवाह हैं कि वे हॉस्टल में उन बच्चों के साथ न रहकर अपनी मनमानी कर रहे हैं।

# सांसद पांडेय के हाथों 181 लर्निंग लाइसेंस का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सड़क सुरक्षा माह के तहत लोगों को जहां यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं लर्निंग लाइसेंस भी बनाया जा रहा है। आज दसवें दिन 50 लोगों को हेलमेट वितरण कर, दुपहिया वाहन चालकों को हमेशा हेलमेट पहनने समझाईश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष पाण्डे द्वारा 181 लोगों को लर्निंग लाइसेंस वितरण किया गया।

34वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दसवें दिन मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डे, कलेक्टर संजय अग्रवाल, अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की उपस्थिति में सांसद श्री पाण्डे के कर कमलों द्वारा लर्निंग लाइसेंस शिविर के दूसरे दिन 181 लोगों को लर्निंग लाइसेंस वितरण कर 50 लोगों को हेलमेट वितरण कर दुपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनने समझाईश दिया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल एवं उप पुलिस अधीक्षक, यातायात हेमप्रकाश नायक एवं यातायात स्टाफ उपस्थित थे। इसी प्रकार लर्निंग लाइसेंस शिविर 25 जनवरी को भी जारी रहेगा एवं माह फरवरी में 3, 4 एवं 5 तारीख को शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है। आवश्यक दस्तावेज 10वीं या 8वीं का मार्कशीट या पेनकार्ड, लोकल आईडी प्रुफ-आधार कार्ड या राशन कार्ड, 1 पासपोर्ट साईज फोटो आवश्यक है।

# डेंगू और कैंसर की तरह है कांग्रेस : टी राजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ पहुचे टी.राजा ने हरिभूमि से चर्चा में डोंगरगढ़ प्रवास का उद्देश्य हिन्दू संगठन को मजबूत करना बताया। उन्होंने बताया कि धीरेन्द्र शास्त्री महाराज बागेश्वर धाम के साथ आने वाले समय में भारत वर्ष को हिन्दू राष्ट्र बनाने 20 करोड़ कार्यकर्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने युवाओं को दिल दिमाग व शरीरिक क्षमता व दिमागी वातावरण के साथ मजबूत होने की बात कही। उन्होंने युवा पीढी से अपील की है कि आज मंदिर प्रांगण में हर एक युवा शपथ ले कि वे शराब के साथ सभी प्रकार के नशे का त्याग करेंगे। उन्होंने लोगों को संकल्प दिलाया कि वे पारिवारिक रूप से मजबूत होकर समाज में भाईचारा व एकता के साथ संगठन को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाये। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में अयोध्या की तर्ज पर काशी मथुरा में भी भव्य मंदिर निर्माण कर अब द्वापर युग की शुरूआत की जानी है जिसमें हिन्दूस्तान का हर वर्ग का आदमी जुड़कर इसमें कार्य करें। उन्होंने कहा कि अयोध्या तो अभी झांकी है, और कांशी, मथुरा बाकी है। उन्होंने सभी लोगों को अयोध्या रामलला स्थापना की बधाई भी दी। उन्होंने वर्तमान कांग्रेस पार्टी को लेकर कहा कि कांग्रेस वर्तमान में भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने को लेकर कैंसर और डेंगू की बीमारी की तरह है और हिन्दू संगठन से जुड़े लोग इस बीमारी का जड़ से सफाया करेंगे तभी हिन्दू राष्ट्र की परिकल्पना पूरी होगी। उक्त दर्शन कार्यक्रम में बम्लेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष तरूण हथेल, नवीन अग्रवाल, परविंदर सिंग मोन्टी, संतुराव अन्ना, अमित जैन, अचला सिंह ठाकुर, सुमित मिश्रा, विजेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रिंस कक्कड़, अमित जैन, मनीष सोनी, नागेन्द्र परिहार, रामसाय डंडेसना, हनि गुप्ता, गिरिश साहू, अखिलेश गढवाल, गोपाल दम्माणी, मयंक डोंगरे, पंकज अग्रवाल, भानु साई, देवेन्द्र वर्मा, अजय शर्मा, भार्गव राव, द्रोण, शिवा यादव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### पदाधिकारियों ने किया स्वागत

हैदराबाद के विधायक व हिन्दू धर्म का प्रतीक कहलाने वाले टी.राजा धर्मनगरी डोंगरगढ़ पहुंचकर हिन्दू शक्ति को जगाने का प्रयास किया। युवाओं की टोली एवं लावलश्कर के साथ पहुंचे टी. राजा का डोंगरगढ़ धर्मनगरी के हिन्दू संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवं ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने भी उनका स्वागत किया। मां बम्लेश्वरी उपर मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर नीचे मंदिर में भी माता का आशीर्वाद लेकर संगठन के लोगों से मुलाकात की। डोंगरगढ पहुंचे राजा के स्वागत के साथ युवाओं में उनके साथ सेल्फी लेने की उत्सुकता भी देखने को मिली। दर्शन कार्यक्रम के बाद वे नवीन अग्रवाल के घर सहपरिवार पहुंचे।

# जिला साहू संघ का चुनाव शून्य घोषित

## 45 दिन के भीतर प्रत्यक्ष प्रणाली से पुनः निर्वाचन कराने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला साहू संघ के लगभग एक वर्ष पूर्व हुए निर्वाचन को सहायक रजिस्टार फर्म्स एवं संस्थाएं दुर्ग संभाग दुर्ग द्वारा शून्य घोषित कर दिया गया है। जिला साहू संघ का पुनः निर्वाचन 6408 के संविधान के तहत 45 दिन के तहत प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

जिला साहू संघ राजनांदगांव प. क्र. 6408 के लगभग एक वर्ष पूर्व हुए डेलीगेट पद्धति से मात्र तीन पदों पर हुए निर्वाचन को जिला न्याय प्रकोष्ठ के पूर्व सचिव व अधिवक्ता मनमोहन साहू ने समाज के पंजीकृत संविधान का उल्लंघन करने की शिकायत करते निर्वाचन को शून्य घोषित करने की मांग जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला साहू संघ को किया था, जिस पर दोनों ही कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे व्यथित होकर उन्होंने उच्च सदन, सहायक रजिस्टार फर्म्स एवं संस्थाएं दुर्ग संभाग दुर्ग में शिकायत दर्ज कराई। लगभग एक वर्ष से ज्यादा समय के बाद 15 जनवरी 2024 को एक आदेश जारी कर जिला साहू संघ राजनांदगांव के 6 अक्टूबर 22 व 9 अक्टूबर 2022 को दो चरणों में हुए निर्वाचन प्रक्रिया को जिला साहू संघ राजनांदगांव पंजीयन क्रमांक 6408 के पंजीकृत संविधान का उल्लंघन पाया गया है, जिसे गलत करार देते इसे अग्राहय कर दिया है तथा जिला साहू संघ राजनांदगांव का पुनः निर्वाचन 6408 के संविधान के तहत 45 दिन के तहत प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाने का निर्देश दिया है।

### विधान का पालन करना अनिवार्य

उक्ताशय की जानकारी एक पत्रकारवार्ता में पूर्व सचिव न्याय प्रकोष्ठ जिला साहू संघ मनमोहन साहू ने बताया कि जिला साहू संघ राजनांदगांव पं.क्र. 6408 व छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ पं.क्र. 33/61 दोनों स्वतंत्र रूप से



पंजीकृत सामाजिक संस्था है, दोनों संस्था के अपने-अपने पंजीकृत विधान हैं। पंजीकृत संस्था होने के कारण अपने-अपने विधान का पालन करना अनिवार्य है। चूंकि सामाजिक समरसता हेतु जिला साहू संघ राजनांदगांव, छत्तीसगढ प्रदेश साहू संघ के संबद्ध है, संबद्धता का आशय अपने-अपने विधान का पालन करते सामाजिक समरसता प्रदर्शित करना होता है, किन्तु विवाद की स्थिति तब निर्मित हुई, जब जिला साहू संघ का निर्वाचन अक्टूबर 2022 में होना था, तब जिला साहू संघ के नियमावली के अनुसार पूर्व कार्यकालों की तरह प्रत्यक्ष प्रणाली से, जिसमें सभी आजीवन सदस्यों, जिला पदाधिकारियों व मंडल व तहसील के सभी पदाधिकारियों के साथ लगभग 3500 मतदाताओं द्वारा निर्वाचन होना था, किन्तु प्रदेश साहू संघ ने दबाव पूर्व मात्र 32 मतदाताओं से निर्वाचन दो चरणों में प्रथम चरण में प्रतिनिधि डेलीगेटस का चुनाव 6 अक्टूबर 22 को और दूसरे चरण में अध्यक्ष व दो उपाध्यक्ष पदों हेतु चुनाव 9 अक्टूबर को कराया गया। पत्रकारवार्ता में पूर्व सचिव न्याय प्रकोष्ठ अधिवक्ता मनमोहन साहू, पूर्व युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कन्हैया साहू, पूर्व सह सचिव न्याय प्रकोष्ठ नरेश गंजीर उपस्थित थे।

### साहू संघ के चुनाव पर आरोप मनगढ़त: भागवत



**राजनांदगांव।** जिला साहू संघ के जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने अपने एक जारी बयान में कहा कि जिला साहू संघ राजनांदगांव का चुनाव दो चरणों में किया गया है। छग प्रदेश साहू संघ रायपुर के मार्गदर्शन में किया गया है। छग प्रदेश साहू संघ रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ नया रायपुर से पंजीकृत संस्था है। छग प्रदेश साहू संघ रायपुर का संशोधित नियमावली छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिला, जो छत्तीसगढ़ के अधीन है, उसके लिए लागू होगा। छत्तीसगढ़ के समस्त जिला साहू संघ का चुनाव छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के बनाए गए नियमावली के नियम 11 प्रबंध कार्यकारिणी का गठन तथा निर्वाचन मताधिकार द्वारा संपन्न किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के मार्गदर्शन में जिला साहू संघ राजनांदगांव का निर्वाचन वैद्य एवं सत्य है।

### आज भाजयुमो का जिला नमो नवमतदाता सम्मेलन

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता युवा मोर्चा राजनांदगांव द्वारा कल गुरुवार को जिले के नवमतदाता सम्मलेन का आयोजन जिले के चारो विधानसभा में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीधे नवमतदाताओं से जुड़ेंगे एवं चर्चा करेंगे। साथ ही प्रथम मताधिकार राष्ट्रहित में समर्पित करने वाले युवाओं का सम्मान भाजयुमो द्वारा किया जाएगा।

ज्ञात हो कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा मोर्चा के आह्वान पर किया जा रहा है, जहां प्रधानमंत्री 5000 जगहों पर एक साथ जुड़ेंगे। उक्त कार्यक्रम राजनांदगाव विधानसभा के बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल, बसंतपुर, खुज्जी विधानसभा में छुरिया सामुदायिक भवन, डोंगरगढ़ में श्याम रिसोर्ट (छोटी मंदिर के सामने), डोंगरगांव में सरस्वती शिशु मंदिर में कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे, वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा, वरिष्ठ नेता सचिन बघेल, दिनेश गांधी, भाजपा पि. मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भरतलाल वर्मा, जिला महामंत्रीद्धय राजेन्द्र गोलछा, रविन्द्र वैष्णव, कोमल सिंह राजपूत, विनोद खांडेकर, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, जिला पंचायत सदस्य अशोक देवांगन, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, आकाश ठाकुर, अरुणि दानी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी जिला भाजयुमो महामंत्री गोलू सूर्यवंशी ने दी।

आवश्यकता है
1. कम्प्यूटर ऑपरेटर (पीजीडीसीए एवं अनुभवी) - 4 पद
2. मैकेनिक - 2 पद
3. गोदाम कीपर - 1 पद
4. वाहन चालक (वेतन 8000) - 4 पद
5. हेल्पर (वेतन 6500) - 4 पद
समस्त दस्तावेज के साथ स्वयं संपर्क करें।
मे. पदमा गैस एजेंसी
मोगरा कालोनी डोंगरगांव

Rahul Travels
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है, मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-73544-11411

आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
पूर्णतः NABH मान्यता प्राप्त हॉस्पिटल
कैथलैब एवं कार्डियोलॉजी
एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टि हेतु अत्याधुनिक डिजिटल कैथलैब की सुविधा
Dr. K.S. Bhatia
मित्तल भिलाई हॉस्पिटल
आपातकालीन सुविधा सदैव उपलब्ध
जुनवानी रोड, सूर्या टी.आई. मॉल के पास, भिलाई
0788 2294440, 90392 38971, 77228 80844

## खबर संक्षेप

### भारत माता की भव्य महाआरती 26 जनवरी को



**हरिभूमि कवर्धा।** सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा के सदस्यों द्वारा 26 जनवरी को शाम भारत माता चौक स्थित भारत माता का भव्य महाआरती आयोजित किया जाएगा। सीनियर सिटीजन समिति के सदस्यों से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने व सहयोग कि अपील की गई। वहीं शहर के गणमान्य नागरिकों से अपील कर उक्त कार्यक्रम में अवश्य ही सम्मिलित हो, मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में प्रति माह भारत माता की आरती उतारी जाती थी जो कार्यक्रम अभी बंद है। इसकी जानकारी इंजीनियर एसएस जैन, प्रदेश प्रतिनिधि, सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा ने दी।

### बाजार चारभाठा में श्रीराम दरबार से निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



**हरिभूमि कवर्धा।** सोमवार को अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम-बाजार चारभाठा में श्रीराम दरबार से भव्य शोभा यात्रा निकालकर समस्त माताएं बहने एवं बच्चों द्वारा कलश यात्रा नगर भ्रमण किया गया। जिस पर समस्त ग्रामवासियों ने कलश शोभा यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया वहीं भव्य महाआरती के पश्चात भोजन प्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त व ग्रामवासियों की भारी भीड़ उमड़ी।

### श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली गई कलश यात्रा रैली



**हरिभूमि कोलेगांव।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में कलश शोभा यात्रा रैली शिव मंदिर से प्रारंभ किया व गांव के गली-मोहल्ले व चौंक-चौराहों में भगवान श्रीराम माता सीता व लक्ष्मण भैय्या को रथ में बैठाकर नगर भ्रमण किया गया जिस पर ग्रामवासियों द्वारा फूल माला से भव्य स्वागत किया तथा खीर-पूड़ी व लड्डुओं प्रसाद वितरण किया गया इस भव्य दिव्य कलश यात्रा मे भक्तगण तथा श्रद्धालु व युवा हिंदू दल समिति, बोलबम समिति, बिंदास दल लक्ष्मी समिति, आजाद एकता समिति, मां काली कात्यायनी उत्सव समिति, हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति, बजरंग दल समिति व समस्त ग्रामवासी पेंड्रीकला ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

**पर्व: सामारोह के पूर्वाभ्यास स्कूली बच्चों ने दी शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति**

# गणतंत्र दिवस की तैयारी जोरों पर, मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगी : विधायक भावना

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कवर्धा स्थित आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय पीजी कॉलेज मैदान में 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा राष्ट्रीय पर्व के गरिमायम अवसर पर प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण एवं संयुक्त परेड की सलामी ली जाएगी। गणतंत्र दिवस की आवश्यक तैयारियां की जा रही है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड की सालामी तथा निरीक्षण का आज अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया।

कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव की विशेष उपस्थिति में बुधवार को स्वत्रंता दिवस आयोजन का पूर्वाभ्यास किया गया। कलेक्टर ने पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को दिए गए दायित्वों का निर्वहन करते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए है। कि राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी के अवसर पर जिले के 8 अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति एवं छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर छत्तीसगढ शासन के विभिन्न विभागों द्वारा विकास प्रदर्शनी पर आधारित झांकी भी निकाली जाएगी, इस वर्ष रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह परेड का प्रतिनिधित्व करेंगे। द्वितीय कमांडर एसआई त्रिलोक प्रधान होंगे। इस अवसर पर कवर्धा एसडीएम पीसी कोरी, डिप्टी कलेक्टर ऋतुराज बिसेन, सुश्री आकांक्षा नायक, जिला शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।





### शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों द्वारा दी जाएगी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति

जिला मुख्यालय में पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में जिले के आठ अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति, रामायण, कला, संस्कृति और ग्रामीण परिवेश पर अधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। समारोह के शुरूआत में अशोका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा एरोबिक की प्रस्तुति दी जाएगी। तत्पश्चात अभ्युदय स्कूल, कस्तुरबा गांधी के विद्यार्थियों द्वारा रामायण, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति, कस्तुरबा गांधी बोड़ला, गुरूकुल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति, होली किंडम स्कूल द्वारा पगडी संभा रंगदे, अशोका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा जली जैसी हवाएं गीत पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी।

### परेड में 9 प्लाटून होंगे शामिल

गणतंत्र दिवस परेड में इस वर्ष कुल 09 टोलियां शामिल होगी। जिसमें सशस्त्र प्लाटून से 17वीं वाहिनी छग बल से प्लाटून कमांडर सहायक उप निरीक्षक जितेन्द्र चंदेल, जिला पुलिस बल-पुरूष से एएसआई कृष्ण कुमार चंद्रवंशी, जिला पुलिस बल-महिला से एएसआई उमा उपाध्याय, नगर सेना से प्लाटून कमांडर मंगलुराम मंडावर, वन विभाग से कमांडर तारकेश्वर यादव, एनसीसी बालक पीजी कॉलेज कमांडर अरूण कुमार, एनसीसी बालिका पीजी कॉलेज कमांडर रानु खुसरो, एनसीसी बालक स्वामी करपात्री जी रूद्र गेन्ड्रे और एनसीसी बालिका स्वामी करपात्री जी कमांडर हीरामणि गेन्ड्रे परेड का प्रतिनिधित्व करेंगें। परेड के साथ पुलिस बैंड के प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश धुर्वे, प्रेमेन्द्र चंदेल, आरक्षक मो. साजिद खान, मोहित कुमार, गोपाल ठाकुर, शिवम मंडावी, राम लोचन पटेल, हृदयेश सिंह, रूपेन्द्र कुमरे, शिव यादव परेड के साथ अपने स्वर देंगे।

## सड़कों का हाल-बेंहाल, आवागमन में राहगीरों व ग्रामीणो को भारी परेशानियां



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम दामापुर से निगापुर, सेमरकोना से कोलेगांव, धनेली से भगतपुर तथा ग्राम कापा से रूसे तक सड़कों का जाल बिछाया गया। लेकिन जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों की अनदेखी का खमियाजा ग्रामीणों व राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सुधार व मरम्मत के अभाव में प्रधानमंत्री सड़क जर्जर व बदहाल तथा किचड़ मय हो चुके है स्थिति यह है कि दो पहिया व चार पहिया तो दूर की बात है पैदल चलना दुर्भर हो गया है। पूरी सड़क गड्ढे ही गड्ढे में तब्दील व हल्की बारिश में जलभराव व कें कारण राहगीरों व ग्रामीणो को भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार इस मार्ग में राहगीर व ग्रामीण छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटना का शिकार हो रहे है। जिस पर ग्रामीणो द्वारा जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों को कई बार शिकवा-शिकायत कर सुधार व मरम्मत तथा नवीनीकरण की मांग व ज्ञापन सौंपा गया लेकिन विभागीय अधिकारियो के कान में जु तक नही रेंगते। इन्हीं जर्जर व बदहाल सड़कों की स्थिति को लेकिर जनता कांग्रेस जोगी द्वारा धरना प्रदर्शन दिया गया था लेकिन आज तक इन सड़कों का हाल जस के तस बनी हुई है।

लेकिन अब प्रदेश में भाजपा के शासन के बाद उम्मीद है कि इन सड़कों के लिए कुछ ना कुछ हल जरूर निकलेगा। यही उम्मीद ग्रामीणा जन आश लगाए बैठे हैं कि आम नागरिको को भाजपा शासन काल में बुनियादी सुविधा मिलती है कि क्या? कांग्रेस शासन काल के तहर सिर्फ-सिर्फ मांग करते रहें लेकिन इन सड़कों के कोइर पहल होती है या नहीं। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग कर जल्द से जल्द सड़कों को मरम्मत व नवीनीकरण किया जाए ताकि आवागमन में राहगीरों को राहत व सुविधा मिल सकें।

# जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल हुए सांसद संतोष

## पंडरिया ब्लाक रहा ओवरआल चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

पंडरिया ब्लाक अंतर्गत ग्राम डोमसरा में रविवार को जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय शामिल हुए, सांसद श्री पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी अनिवार्य है। खेल में सहभागिता, भाईचारा, सहयोग की भावना विकसित होती है, खेल बच्चों में शारीरिक क्षमता के साथ प्रति स्पर्धा को प्रोत्साहित करती है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियां सभी गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। श्री पाण्डेय ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी तथा उपविजेता टीम को अधिक परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हार से निराश नहीं होना चाहिए बल्कि आने वाले समय के लिए अधिक क्षमता के साथ तैयारी में लग जाना चाहिए। वहीं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, जनपद उपाध्यक्ष तुलस कश्यप ने भी संबोधित कर पढ़ाई के साथ - साथ खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल शारिरिक व मानसिक विकास के लिए जरूरी है। खेल ही जीवन मे सद्भावना सहित सहयोग भावना का जनक है। इस जिला स्तरीय बाल प्रतियोगिता में ओवर आल चेम्पियन पंडरिया ब्लाक को मिला।

जिसमें शासकीय माध्यमिक विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में बालक-बालिका वर्ग प्रथम, खो-खो में बोड़ला बालक वर्ग प्रथम, बालिका वर्ग में सहसपुर लोहारा प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं व्हॉलीबॉल बालक वर्ग में पंडरिया प्रथान स्थान व बालिका वर्ग में बोड़ला प्रथम प्राप्त किया। साथ ही साथ रस्सी खींच बालिका में बोडला प्रथम, बालक वर्ग पंडरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा एकल खेल में बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में लक्ष्मी, 200 मीटर में उमेश्वरी, 400 मीटर दौड़ में प्रथम रही। घड़ा दौड़ में खुशबू प्रथम एवं 100 मीटर दौड़ दुर्गेश व भागवत प्रथम स्थान, 400 मीटर दौड़ में जगदीश प्रथम स्थान प्राप्त किया व घड़ा दौड़ बालिका वर्ग खुशबू प्रथम, लंबी कूद में भूमिका प्रथम, त्रिटंगी दौड़ में अजय व साथी प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही प्राथमिक विभाग के 60 मीटर दौड़ बालिका वर्ग भुनेश्वरी प्रथम, बालक वर्ग में राजेश प्रथम स्थान प्राप्त किया। गेडी दौड़ में गजेंद्र, आलू दौड़ में चंद्रमोहन प्रथम स्थान प्राप्त किया। जलेबी दौड़ में लेखनी एवं चन्द्रजीत प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा फुगड़ी में गोमती प्रथम प्राप्त किया।

जिस पर प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग के समस्त खेलों में पंडरिया ब्लाक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर पंडरिया ब्लॉक को ओव रऑल चैंपियनशिप घोषित किया गया उक्त जानकारी अश्वनी चंद्राकर खेल प्रभारी ने दी। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, जल्लू साहू, चंद्रकुमार सोनी, नवल पांडेय, कुलदीप छाबड़ा, पद्मरज टंडन, विशाल शर्मा, सोनू ठाकुर, संजय सोनी, देवेंद्र गुप्ता, प्रज्ञेस तिवारी, देवचरण यादव, नारायण सिंह ठाकुर, सुरेंद्र सिंह खनूजा, गुरुदीप मक्कड़, घांसी जायसवाल, अमन पाठक, अनुज जायसवाल, घांसी पटेल, सहित जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र गुप्ता, बीईओ जीपी बनर्जी, शिक्षक, सीएससी, प्राचार्य, पीटीआई, ग्रामीण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# नपं पाण्डातराई राममय हुआ, उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

- श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई



नगर पंचायत पाण्डातराई में सोमवार को भगवान श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा पर प्रातः 4 बजे से प्रभात निकालकर नगर में भ्रमण किया गया एवं सुबह से ही सभी मंदिर-देवालयों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना व भजन कीर्तन किया गया। वही शाम 4 बजे भव्य शोभा यात्रा व आकर्षक झांकी निकाली गई। जिसमें अष्टभुजी मंदिर से प्रारंभ होकर बाजार पारा, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, भारत माता चौक होते हुए मां महामाया मंदिर में समापन हुआ। वहीं पूरे दिन भव्य आतिशबाजी व लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। साथ ही साथ शाम को घरों-घर दीप व फूल माला से जलाए गए जिस लेकर नगर पंचायत पाण्डातराई में लोगों ने दीपावली की तरह धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा मनाया गया। साथ पूजा-पाठ व जगह-जगह भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिससे नगर पंचायत पाण्डातराई सहित आसपास के ग्रामीणों में भारी उत्साह रहा।

## भगवान श्रीराम चंद्र के प्राण-प्रतिष्ठा पर विप्र समाज ने आयोजित किया विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया



सोमवार को अयोध्या के राम मंदिर में भगवान श्रीराम चंद्र के प्राण-प्रतिष्ठा पर ब्राह्मण समाज पंडरिया द्वारा विविध धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नवल किशोर पांडेय अधिवक्ता की अहम भूमिका रही। ब्राह्मण समाज पंडरिया द्वारा तीन दिवसीय रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस आयोजन कार्यक्रम के प्रथम दिवस 20 जनवरी को नगर के मां महामाया मंदिर परिषर में अखण्ड रामायण-पाठ से हवन-पूजन, पूर्ण आहुति एवं ब्राह्मण भोज, 21 जनवरी को मुख्य यजमान नवल किशोर पांडेय तथा अयोध्या में श्रीराम चंद्र के प्राण-प्रतिष्ठा दिवस 22 जनवरी सोमवार को ब्राह्मण समाज ने विप्र भवन में सुन्दरकाण्ड व हनुमान चालीसा का पाठकर मां महामाया मंदिर परिषर में भव्य भोजन-प्रसादी भंडारा का आयोजन किया, जिसमें हजारो सनातनियो को खीर-पूड़ी एवं हलवा का प्रसाद वितरित किया गया तथा शाम में सर्व समाज के साथ जुलूस में ब्राह्मण समाज सम्मलित रहकर डीजे की धून पर भव्य आतिशबाजी करते हुए नगर भ्रमण किया। इस ब्राह्मण समाज के सम्पूर्ण आयोजन में विप्र समाज के अध्यक्ष प्रहलाद मिश्रा, नवल किशोर पांडेय, बद्री शुक्ला, धनीराम शर्मा, राजकुमार शर्मा, श्याम सुंदर मिश्रा, धनंजय पाठक, चंद्रभूषण शुक्ला, बीरेंद्र शर्मा, दिनेश तिवारी, सियाराम शर्मा, दीपक शर्मा, सुमीत तिवारी, प्रहलाद तिवारी, पवन पाठक, दिलीप शर्मा, जितेंद्र शर्मा, संजू तिवारी की सराहनीय योगदान रहा।

## दौजरी में निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा रैली

**हरिभूमि बरबसपुर।** अयोध्या में श्रीराम लला मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम दौजरी में श्रीराम का शोभा यात्रा निकाली गई, जिस पर वरिष्ठ गणमान्य नागरिक, बच्चे, बुजुर्ग सहित महिला-पुरुष ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं भव्य गाजे-बाजे के साथ झूमते नाचते गाते कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों द्वारा हाथ में भगवा ध्वज लिए शोभा यात्रा आकर्षक का केन्द्र रहा। ग्राम दौजरी में श्रीराम जी का भव्य शोभा यात्रा मां महामाया मंदिर से होते हुए सभी मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान अजय चंद्रवंशी, मीनू साहू, मीथून साहू, रुपेश चंद्रवंशी ने कहा कि भारत हमेशा से सनातन संस्कृति का देश रहा है। 500 वर्ष बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर के पुनःस्थापना से हिंदुत्व का गौरव काफी बढ़ा है। आज पूरी दुनिया सनातन संस्कृति का लोहा मान रही है। पूरे देश के सनातनियों के सम्मिलित प्रयास से हिंदू संस्कृति को विश्व की सबसे अहम और बड़ी संस्कृति के रूप में स्थापित किया जाएगा। राम मंदिर की स्थापना राम राज्य की स्थापना की नींव है और यह निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में सनातन धर्म के कार्यकर्ता लोकेश साहू, अमन, सालिकराम, भोलाराम चंद्रवशी, मनोज, सुरेश, मालिकराम सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें। साथ ही साथ भगवान श्रीराम की आकर्षक भवय झांकी निकालकर नगर भ्रमण किया गया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार व कार्यपालिक दंडाधिकारी, बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

**रा0प्र0क्रं0 B- 121/ ब-121 वर्ष 2023-24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा पिता धन्नुलाल जाति सतनामी निवासी ग्राम साल्हेवाडा तहसील बिरसा जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश द्वारा अपने दादी सुखबती पति स्व0 फागुलाल का दिनांक 24.02.2024 को मृत्यु ग्राम महराजपुर में हो जाने के उपरान्त आज दिनांक तक मृत्यु प्रमाण पत्र नही बन पाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जाने हेतु इन न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। आवेदक द्वारा बताया गया है कि आवेदक की दादी आवेदक की बुआ गनेशिया बाई बंजारे निवासी महराजपुर तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम के घर मेहमान आई थी जो करीब 3-4 महिना रूकी थी उसी बीच आवेदक की दादी का मृत्यु ग्राम महराजपुर तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम छ.ग. में हुआ है। जिसके कारण आवेदक तहसील बोडला जिला कबीरधाम छ0ग0 में अपने दादी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन किया है, जबकी आवेदिका की दादी निवासी ग्राम साल्हेवाडा तहसील बिरसा जिला बालाघाट मध्यप्रदेश की है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 31.01.2024 तक दावा/आपत्ति इस न्यायालय मे पेश कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक -24.01.2024
पेशी दिनांक – 31.01-2024

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**बोड़ला**

**न्यायालय पल्लव रघुवंशी, व्यवहार वर्ग-1 जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**उत्तराधिकार प्रकरण क्रं-02/2024**
**पेशी तारीख 05/03/2024**
**प्रोसेस नंबर65/2024**
**गिरिजा बाई आवेदक विरूद्ध**
**आम जनता व अन्य अनावेदकगण**

एतद् द्वारा आम जनता (जिस किसी का इस याचिका में कोई हित हो) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गिरिजा बाई ने मृतक श्री उमाशंकर तिवारी के नाम पर पोस्ट ऑफिस पंडरिया जिला कबीरधाम से एस0बी0 पेंशन स्कीम के अंतर्गत खाते में जमा राशि 8,73,439/ रूपये (आठ लाख तिहत्तर हजार चार सौ उन्तालिस रूपये) को प्राप्त करने हेतु श्रीमती गिरिजा बाई के नाम से प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु इस न्यायालय में धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम 1925 के अंतर्गत वाद पेश किया है।

उक्त मामले में इस न्यायालय में दिनांक 05.03.2024 को दिन के 11.00 बजें सुनवाई होगी अतः आम जनता जिनका इस याचिका में कोई हित हो उक्त सुनवाई तिथि में स्यवं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये है और जो इस वाद के संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपकों यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

आपकों सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इन न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

यदि पेशी तारीख को अवकाश हो अथवा किसी कारणवश अदालत बंद रहती है तो उस दिन की सुनवाई आगामी कार्यदिवस को होगी। आज तारीख 18 माह 01 सन् 2024 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक – 05.03-2024

मुहर

**(पल्लव रघुवंशी)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01**
**जिला कबीरधाम (कवर्धा) छ0ग0**

**बैगा परिवार की हत्या के दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करें**

# बैगा परिवार के तीन लोगों की हत्या को पुलिस कर रही है लीपापोती: नीलू चंद्रवंशी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पंडरिया विधानसभा क्षेत्रांतर्गत कुई कुकदुर थाना के ग्राम नागडबरा में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र बैगा परिवार के पति-पत्नी व पुत्र तीन लोगों की मृत्यु हुई है। जिस पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पंडरिया विधानसभा प्रत्याशी रहें नीलू चंद्रवंशी ने नागाड़बरा मृतक बैगा परिवार के परिजनों से मिलने पहुंचें। और मृतक के परिजनों से बात-चीत की। बातचीत में मृतक के परिजनों ने बताया की तीनों लोगों की हत्या हुई है, लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा साक्ष को छुपाकर हत्या को अजगनी से मृत्यु के रूप में बदलने का प्रयास किया जा रहा है, पुलिस ने साक्ष को मिटाने का प्रयास की है, घटना स्थल पर परिजनों ने खून का छीटा लकड़ी के खम्भा में, दीवाल एवं जमीन पर है, लकड़ी की खम्भा में खून की निशान को छिलकर, दीवाल को चुना पुताई कराकर एवं जमीन को गोबर लिपवाकर साक्ष को पुलिस एवं शासन-प्रशासन द्वारा मिटाया गया है, जोकि यह बात स्पष्ट मृतक के परिजन एवं घटना स्थल में स्पष्ट रूप से प्रथम दृष्टया में नजर आ रहा है जिसको पुलिस द्वारा एक ही बैगा परिवार की तीन लोगो की हत्या को अजगनी से दुर्घटना में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। शासन-प्रशासन द्वारा मृतक के शव के सभी अंग को दिखाए बगैर पंचनामा बनाने की जानकारी दिए बगैर घटना स्थल के बगल वाले खेत में पोस्टमार्डम किया है खेत में पोस्टमार्डम करना भी संदिग्ध के दायरे में आता है फिर पुलिस एवं शासन-प्रशासन द्वारा मृतक परिजनों के ऊपर दबाव बनाकर बैगा परिवार के रीति-नीति के विरुद्ध दाह संस्कार कराया गया है जबकि बैगा परिवार में दाह संस्कार नहीं किया जाता है शव को दफनाया जाता है, लेकिन साक्ष को छिपाने की मंशा से पुलिस एवं शासन प्रशासन के द्वारा दबाव पूर्वक परिजनों से दाह संस्कार कराया गया है।

श्री चंद्रवंशी ने बताया कि घटना मृतक बैगा परिवार के घर के बगल में बने कवेलू के खुली-झोपड़ी में हुआ है झोपड़ी के नीचे जले हुए तीनो शव पड़े थे शव के ऊपर झोपड़ी के तीन-तीन फुट के तीन बल्ली जले हुए स्पष्ट रूप दिख रहा है क्या तीन फुट के तीन बल्ली के जलने से तीन लोगो का जिंदा जलकर मृत्यु हो सकता है घटना स्थल को देखने से पता चलता है कि तीनो लोगो का हत्या करने के बाद शव को जलाया गया है। श्री चंद्रवंशी ने बताया कि हम लोग पोस्टमार्डम करने वाले डॉक्टर के पास भी गए थे।

डॉक्टर का कहना है की शव जल चूका था पीएम से मृत्यु कारण पता नहीं चला है, मृत्यु का कारण पुलिस इन्वेस्टीगेशन या फॉरेनसिक रिपोर्ट से पता चलेगा और मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है लेकिन विधायक ने शासन प्रशासन से दबाव बनाकर हत्या को आगजनी की दुर्घटना का रूप देने की मंशा से जिला प्रशासन से आगजनी से मृत्यु हुई है करके आरबीसी 6-4 के तहत 4-4 लाख यानि तीनो लोगो का 12 लाख का चेक परिजन को दे दिए है जबकि मृत्यु का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है, जबकि आगजनी से मृत्यु होना प्रमाणित होता तभी आरबीसी 4-6 के तहत दिया जा सकता है, इससे स्पष्ट होता है की जन सेवा की बात करने वाले विधायक राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र बैगा परिवार की आवाज को बदनामी की डर से दबाया जा रहा है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## खबर संक्षेप

### पीएम का परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 29 को

**कवर्धा।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी स्कूली बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने एवं विद्यार्थियों में तत्संबधी तनाव दूर करने के लिए सीधा संवाद करेंगे। परीक्षा पे चर्चा-2024' का कार्यक्रम 29 जनवरी को प्रातः 11 बजे भारत मण्डपम, प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। कबीरधाम के जिला कलेक्टर जनमेजय महोबे ने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में सहभागिता के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक व्यवस्था करने के दिशा निर्देश दिए हैं।

# निर्माण कार्यों के नाम पर वन विभाग का काला कारनामा आया सामने, जांच की मांग

- आरोप : बगैर कार्यपूर्ण कराए, हजम की गई करोड़ों की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोड़ान

कवर्धा वनमंडल के अंतर्गत आने वाला पंडरिया उपवन मंडल हमेशा से अपने काले कारनामों के लिए चर्चित रहा है। अवैध वन विनाश और वन अधिकार पट्टे की आड़ में वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण को लेकर आए दिन सुर्खियों में रहने वाले पंडरिया उपवन मंडल में भ्रष्टाचार का एक नया कारनामा उजागर हुआ है। जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति के सदस्य पंडरिया भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रकुमार सोनी ने क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय को एक लिखित शिकायत पत्र के माध्यम से पिछली सरकार के दौरान वनविभाग द्वारा इस अंचल में किए और कराए गए उपरोक्त काले कारनामों की फेहरिस्त देते हुए उच्चस्तरीय जांच और दोषी लोगों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। यह पूरा मामला पंडरिया पूर्व परिक्षेत्र का है। जहां कक्ष क्रमांक 496 हरिनाला में लाखो रुपए की स्वीकृति से अर्दनडेम निर्माण कराया गया है जिसमे अभी तक मिट्टी का काम लगभग पूर्ण हो चुका है। बताया जाता है यहां का पूरा निर्माण कार्य मशीनों के द्वारा कराया गया। इसी तरह बदौरा के पास कक्ष क्रमांक 508 चंडी हिरण पार्क के बगल में अर्दन डेम का कार्य कराया गया जिसमे आज की स्थिति में मिट्टी का काम लगभग 50 प्रतिशत तक ही पूर्ण हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस निर्माण कार्य को पूर्ण दिखाकर राशि का आहरण भी कर लिया गया है। इसी प्रकार तीसरा अर्दनडेम ग्राम भड़गा के निकट कक्ष क्रमांक 529 में स्वीकृत हुआ था। सूत्रों की मानें तो यहां भी आधे अधूरे कराए गए मिट्टी कार्य के बाद कार्य पूर्णता बता कर पूरी राशि निकाल कर



### फर्जी ढंग से मस्टर रोल भरकर हड़पी राशि

जानकारी के अनुसार सभी कार्य मशीनों के द्वारा कार्य कराए जाने के बाद फर्जी हाजिरी के तहत मजदूरों से कार्य कराना दिखाया गया और मजे की बात यह है इन कार्यों में जिन मजदूरों के नाम से मस्टररोल बनाया गया वे स्थानीय निवासी न होकर जिले और सम्भाग से बाहर मुंगेली जिलान्तर्गत लोरमी तहसील स्थित ग्राम सेमरिया एवं विचारपुर के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि इन निर्माण कार्यों में लोरमी क्षेत्र निवासी तत्कालीन वन परिक्षेत्र अधिकारी के रिश्तेदारों एवं परिचितों के नाम पर फर्जी तरीके से भुगतान दिखाकर शासकीय धन में लाखों रुपयों का भ्रष्टाचार किया गया। विचारणीय बात यह है कि जिला मुख्यालय के विधायक और प्रदेश सरकार में ताकतवर रहे मो अकबर जैसे वन मंत्री की नाक के नीचे इतना बड़ा भ्रष्टाचार अकेले परिक्षेत्र अधिकारी के द्वारा कैसे किया जा सकता है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और जनमानस में चर्चा है कि उच्चस्तरीय संरक्षण और वर्तमान वनमण्डल अधिकारी कवर्धा की जानकारी अथवा मिलीभगत के बिना ऐसा गोलमाल सम्भव नहीं है।

### विभाग के उच्च अधिकारियों की भी मिलीभगत

चर्चा तो यह भी है कि पिछली सरकार में अपने आप को ऊंची पहुंच वाला बताने वाले वनमण्डलाधिकारी चुनाव के बाद सत्ता बदलते ही अब नए शक्ति केंद्र की ओर भक्ति भाव दिखाने लगे हैं। बताना लाजिमी होगा कि पंडरिया उपवनमंडल में विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की अनियमितताओं और निर्माण तथा विकास कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार के अलावा अंधाधुंध वन विनाश व हरे भरे जंगलों में किए जा रहे अतिक्रमण की कहानियां लगातार मीडिया की सुर्खियों में छाए रहने तथा ढेरों जनशिकायतों के बावजूद कभी कोई कार्यवाही नहीं हुई। मीडिया की आवाज नक्कारखाने में तूती साबित हुई और जन शिकायतें कूड़ेदान में दम तोड़ती रहीं। लेकिन आज प्रदेश में राजनीतिक माहौल बदल चुका है। नई सरकार और नए जनप्रतिनिधियों से लोगों की बहुत सी अपेक्षाओं के बीच जिले के वनविभाग में हुई तमाम गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग भी उठ रही है।

हजम की जा चुकी है। दिलचस्प बात यह है कि इन सभी निर्माण कार्यों में स्थानीय मानव श्रम की जगह मशीनों से कार्य कराया गया है।

## प्रदर्शन: आरोपियों को फांसी की सजा, तथा पीड़ित परिवार को न्याय देने की मांग

# बुजुर्ग ग्रामीण की हत्या के विरोध में सड़क पर उतरे सैकड़ों ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम लालपुर कला में गत 21 जनवरी की रात पांच आरोपियों द्वारा यादव समाज के एक बुजुर्ग चरवाहे की गला रेतकर हत्या किए जाने का मामला अब तूल पकड़ते जा रहा है।

इस घटना के सामने आने के तत्कल बाद जहां नाराज यादव समाज तथा मृतक के परजिनो ने अपने सामाज के जिलाध्यक्ष राकेश यदु के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपकर तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने मृतक का शव रखकर प्रदर्शन किया था वहीं बुधवार को यादव समाज तथा लालपुर गांव के सैकड़ों महिला, पुरूष तथा युवा ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय कवर्धा में विशाल रैली निकालकर तथा नगर के मुख्य सिग्रलचौक में चक्काजाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान मृतक के परिजनो तथा समाज के लोगों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि मृतक साधाराम यादव के हत्यारों को बीच चौराहे पर फांसी की सजा दी जाए तथा मृतक के परिवार के एक सदस्य को तत्काल सरकारी नौकरी तथा आश्रित परविार को उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही समाज ने शासन से आरोपियों के घरों में बुलडोजर की कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इतना ही नहीं समाज के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर यह मांग जल्द से जल्द पूरी नहीं की गई तो आने वाले दिनो में पूरे जिले का यादव समाज सड़क पर उतरने बाध्य होगा।

उल्लेखनीय है कि ग्राम लालपुर निवासी चरवाहा साधराम यादव आयु 50 वर्ष की उस समय ग्राम लालपुर कला में ही पांच लोगों ने मिलकर धारदार हभियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी जब वह कहीं जा रहा था। मृतक का शव गांव की गली में खून से लथपथ अवस्था में पड़ा मिला था। जिसका सूचना पर मौके पर पहुंची कवर्धा पुलिस ने फौरी कार्यवाही करते हुए घटना को अंजाम देने वाले पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन इस घटना के सामने आने के बाद यादव समाज लामबंध हो गया।

ग्राम लालपुर कला सहित आसपास के कई अन्य गांवों के सैकड़ों यादव समाज के लोगों ने इस हत्या के विरोध में बुधवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में विशाल रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में शामिल महिला, पुरूष, बुजुर्ग तथा युवा हांथों में झंडा, बैनर तथा अपनी मांगों से संबंधित तख्ती लेकर नगर के सभी प्रमुख मार्गो का भ्रमण किया। बाद में सभी सिग्रल चौक पहुंचे और चौक में ही बैठकर मार्ग में चक्काजाम कर दिया। इस दौरान भी समाज के लोगों द्वारा जोरदार नारेबाजी की गई। इस दौरान समाज के लोग आरोपियों को सार्वजनिक रूप से फांसी दिए जाने की मांग कर रहे थे। साथ ही उन्होने पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा आश्रित परिवार को मुआवजा देने की मांग की तथा अपनी इस मांग से संबंधित एक ज्ञापन कलेक्टर के नाम सौंपा।




### तैनात रहा सुरक्षाबल

इस विरोध रैली में शामिल यादव समाज के लोगों की विशाल संख्या को देखते हुए पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। रैली के साथ बड़ी संख्या में पुलिस प्रशासन के अधिकारी बड़ी संख्या में पुलिस जवानो को तैनात किया गया था। हालांकि समाज के लोगों ने रैली पूरी तरह से शांति पूर्ण ढंग से निकाली और अपनी मांग को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास किया।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

एक प्रकार से इस सांकेतिक विरोध प्रदर्शन के बाद यादव समाज ने शासन-प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगे जल्द से जल्द पूरी नहीं की गई तो आने वाले दिनो जिलेभर के यादव समाज व ग्रामीणों द्वारा जिला मुख्यालय कवर्धा में विशाल रैली निकालकर उग्र प्रदर्शन किया जाएगी। हालांकि प्रशासन द्वारा फौरी तौर पर कार्यवाही करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई है और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री द्वारा पीड़ित परिवार को पांच लाख की आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की गई है।

# प्रशासनिक असंवेदनशीलता का शिकार बुजुर्ग महिला मुआवजा पाने काट रही उप तहसील के चक्कर

- 11 माह बाद भी नहीं मिल पाया अग्री दुर्घटना का मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुकदुर

कहने को तो प्रदेश व जिले की सत्ता भी बदल गई और सरकार भी बदल गई है। लेकिन देखा जाए तो जिले के प्रशासनिक तंत्र में अभी सब कुछ पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है। लोग अपनी छोटी बड़ी समस्याओं और परेशानियों को लेकर सरकारी दफ्तरों का चक्कर काट रहे हैं लेकिन उनकी फरियाद नहीं सुनी जा रही है। यहां तक सरकारी दफ्तरों में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों में मानवीय संवेदना तक देखने को नहीं मिल रही है, संभवतः यही वजह है कि वे ये भी नहीं देख पा रहे हैं कि फरियादी की लाचारी और मजबूरी क्या है? प्रशासनिक असंवेदनशीलता का एक ऐसा ही मामला जिले के विकासखण्ड पंडरिया से सामने आया है। जहां एक बुजुर्ग दम्पत्ति बीते 11 महिनो से अग्री दुर्घटना का मुआवजा पाने कुकदुर उप तहसील का चक्कर काट रहा है लेकिन उनकी सुनने वाला यहां कोई संवेदनशील अधिकारी-कर्मचारी नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब 11 महिने पूर्व गत 24 मार्च 2023 को ग्राम नेऊर निवासी बुजुर्ग गरीब दंपति आशाराम और बैसाखिन बाई पनिका के कच्चे मकान में आग लग गई थी। इस अग्री दुर्घटना में पीड़ित बुजुर्ग दम्पत्ति का पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई थी और मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया था। घटना के बाद पीड़ित बुजुर्ग ने इसकी शिकायत कुकदुर थाना में दर्ज कराई थी और उचित मुआवजा की मांग को लेकर कुकदूर उप तहसील में जाकर आवेदन दिया था। जिस पर पटवारी, कुकदुर पुलिस तथा कोटवार द्वारा मौका मुआवना भी किया गया था। बुजुर्ग को तहसील कार्यालय की इस पहल पर उम्मीद थी कि उसे जल्द ही मुआवजा मिल जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और बुजुर्ग इस बीच लगातार उप तहसील कार्यालय के चक्कर काटते रहा लेकिन उसकी किसी ने कोई मदद नहीं की। इसी बीच बुजर्ग आशाराम की मृत्यु हो गई और अब उसकी पत्नी बैसाखिन बाई अपने पति की लड़ाई लड़ते हुए मुआवजा पाने उप तहसील के चक्कर काट रही है। जहां उसे अब उप तहसील के असंवेदनशील अधिकारी कर्मचारी जवाब दे रहे हैं कि उनका कोई मुआवजा का प्रकरण यहां लंबित नहीं है। सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि 11 माह के संघर्ष और इस संघर्ष के बीच अपने पति को खो देनी वाली बुजुर्ग महिला को जब यह बताया गया होगा तो उसकी दिल पर क्या बीति होगी।

### पंडरिया विधायक और कलेक्टर को करनी चाहिए पहल

एक बुजुर्ग दम्पति के बीते 11 माह के संघर्ष से जुड़ा यह मामला निश्चित रूप से संवेदनशील है और इस मामले में जिला प्रशासन के मुखिया तथा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक को पहल करनी चाहिए। उन्हें इस बात की पड़ताल करानी चाहिए कि आखिर ऐसी क्या वजह थी कि बुजुर्ग की लिखित शिकायत और मौका मुआयना के बाद भी उसका मुआवजा का प्रकरण 11 माह के बाद भी नहीं बन पाया और बना है तो उसे भुगतान क्यों प्राप्त नहीं हुआ। प्रशासन के मुखिया को जिम्मेदारों की जिम्मेदारी तय करते हुए न सिर्फ पीड़ित महिला बुजुर्ग को उचित मुआवजा का भुगतान कराना चाहिए बल्कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही भी की जानी चाहिए। चाहिए ताकि दोबारा कोई असहाय और बुजुर्ग इस तरह की प्रशासनित असंवेदनशीलता का शिकार न हो।

# धान खरीदी की तिथि बढ़ाने संघ ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय किसान संघ जिला कबीरधाम के प्रतिनिधियों द्वारा सभी तहसीलों में ज्ञापन सौंपकर शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तिथि बढ़ाए जाने की मांग की है।

इस संबंध में संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चन्द्रवंशी ने बताया कि इस बार बेमौसम बारिश के चलते कई दिनो तक धान खरीदी प्रभावित रही है। जिसके चलते जिले के हजारो किसान अब भी धान नहीं बेंच पाए हैं। जबकि धान खरीदी की अंतिम तिथि 30 जनवरी निर्धारित है। ऐसे में संघ ने कवर्धा, बोडला, लोहारा, पंडरिया, पिपरिया कुंडा, कोई कुकदुर के तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा कर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तिथि 15 फरवरी तक बढ़ाए जाने की मांग की है। ताकि जिले सभी शेष किसान सुविधापूर्ण ढंग से अपनी फसल समर्थन मूल्य पर बेंच सकें।

ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय किसान जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, महामंत्री जीवन यादव, अरविंद शर्मा, टहल साहू, भागवत चन्द्राकर, दिनेश चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, दुवारिका चंद्रवंशी, भोलाराम, लोकनाथ, दोहरे, सिद्धू चंद्रवंशी, यशवंत चंद्रवंशी, जयनारायण साहू, केसव जायसवाल, मनोज चंद्रवंशी, पिंटू सहित बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हत्या के आरोपी को अजीवन कारावास

**कवर्धा।** सत्र न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे ने हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को अजीवन कारावास की सजा सुनाई और अर्थ दण्ड से दंडित किया है। जिला-कबीरधाम के लोक अभियोजक संतोष कुमार देवांगन से प्राप्त जानकारी अनुसार थाना पिपरिया के अप.क्र. 348/22, धारा 302, 201 भादवि आरोपी धन्नू चन्द्रवंशी को बिसनाथ पाली के हत्या के आरोप में आजीवन कारावास एवं 03 वर्ष सश्रम कारावास तथा 500/-, 500/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। श्री देवांगन ने बताया कि मृतक बिसनाथ पाली, उम्र 22 वर्ष जो रायपुर में रहकर ड्रायव्हरी करता था, जो 18 अक्टूबर.2022 को शाम 5.00 बजे रायपुर से घर वापस ग्राम कोको आया था, रात्रि करीब 8.00 बजे घर से खाना खाकर घूमने निकला था। प्रार्थी लीलाराम अपने परिवार के सदस्यों सहित घर पर सो गया। उसी दिन 19 अक्टूबर 2022 को सुबह लगभग 3.00 बजे ग्राम कोको का धन्नू चन्द्रवंशी मोटर सायकल से आकर उसे बताया कि बिसनाथ मचकुन्ना नदी के पुल के ऊपर मेनरोड में बेहोश पड़ा हुआ है। प्रार्थी, लीलाराम रामप्रसाद के साथ वहां गए तो देखे धन्नू चंद्रवंशी मोटरसायकल के साथ खड़ा था ओर प्रार्थी का लड़का बिसनाथ चित्त हालत में पुल पर पड़ा था, मोबाईल की रोशनी से देखे तो बिसनाथ के चेहरे में खून लगा था, दोनो कान से खून निकल रहा था, नाक तरफ भी खून था, जब बिसनाथ को हिला-डुलाकर पूंछे तो बिसनाथ बोला कि धन्नू उसे मारा है, तभी धन्नू मोटरसायकल से वहां से भाग गया। वाहन 112 से बिसनाथ को जिला अस्पताल ले जा रहे थे, गांगपुर के पास 108 वाहन आने पर सुबह लगभग 3.30 बजे बिसनाथ को उसमें चढ़ा रहे थे तो उस समय बिसनाथ की मृत्यु हो चुकी थी। जिला अस्पताल कवर्धा पहुंचने पर डॉ. ने बिसनाथ को मृत होना बताया। जिस पर थाना पिपरिया ने आरोपी धन्नू के विरूद्ध बिसनाथ की हत्या करने का अपराध कायम कर विवेचना प्रारंभ की थी और अंततः उसे सजा दिलाई।

# स्वच्छाग्राही गौरकुंवर पटेल नई दिल्ली में होंगी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत स्वच्छता तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के सही निपटान करने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को जागरूक करने के लिए कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बेंदरची की रहने वाली श्रीमती गौरकुंवर पटेल स्वच्छाग्राही दीदी 26 जनवरी के अवसर पर नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस के समारोह में विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित होगी।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि जिले में स्वच्छता का अलख जगाने के लिए श्रीमती गौरकुंवर पटेल लगातार प्रयासरत रही है। इनके द्वारा आम जनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए इसके महत्व को लोगों तक पहुंचाया गया एवं कचरों के सही निपटान के लिए निरंतर प्रयास किया गया है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य से पांच व्यक्तियों को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में विषेश अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

जिसमें कबीरधाम जिले की श्रीमती गौरकुंवर पटेल भी है। इनके इस पुनीत कार्य का सम्मान समाज को स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश देगा ।




## पोंड़ी के मुक्तिधाम में बने शेड पर चार सालों से था बेजा कब्जा

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, डिप्टी सीएम के निर्देश पर कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



ग्रामीणों की मांग पर बड़ी कार्यवाही करते हुए ग्राम पोड़ी के मुक्तिधाम में निर्मित शेड को बेजा कब्जा मुक्त कराया गया है। बताया जाता है कि सार्वजनिक उपयोग के इस सेड को गांव के ही कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से की गई थी और श्री शर्मा के निर्देश पर प्रशासन ने गत मंगलवार को अतिक्रमणकारी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए बेजा कब्जा को बुलडोजर के सहारे ढहा दिया। बताया जाता है कि सर्व समाज के लिए उपयोगी सार्वजनिक मुक्तिधाम के अंदर मृतक कर्म के दौरान लोगों के बैठने के लिए बनाए गए पक्का शेड में विगत 4 वर्षों से समुदाय विशेष के लोगों ने कब्जा कर रखा था। बताया जाता है कि समुदाय विशेष के लोगों ने अनाधिकृत रूप से इस सेड में दीवार का निर्माण करा कर उसे मकान का स्वरूप दे दिया और एक व्यक्ति को रहने के लिए दे दिया था। इस अतिक्रमण से नाराज पोंडी के नागरिकों ने 4 वर्षो में कई बार कब्जा खाली कराने प्रशासन से अर्जी विनती की और अनेक बाद आंदोलन भी किया। लेकिन तुष्टिकरण की राजनीति के चलते उचित कार्यवाही नहीं की गई। इसी कड़ी में एक फिर पोंडी के नगरवासियों ने स्थानीय विधायक विजय शर्मा को मुक्तिधाम में अवैध कब्जे की जानकारी दी। जिसे विधायक विजय शर्मा ने गंभीरता से लिया और जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कब्जा खाली कराने प्रशासन को निर्देशित किया। जिस पर मंगलवार को राजस्व विभाग के कर्मचारी पटवारी, तहसीलदार सहित बड़ी संख्या में विभागीय अमले ने बुलडोजर की कार्यवाही कर अवैध दीवाल गिराकर शेड को पुराने स्वरूप में कर दिया। लंबे समय से मुक्तिधाम में अवैध कब्जे से नाराज नगरवासियों ने इस कार्यवाही पर प्रशन्नता जाहिर की है।




